हम दुनिया भर में मौजूद अपने सर्वर का रखरखाव करते हैं. साथ ही, आपकी जानकारी उस देश के बाहर मौजूद सर्वर पर प्रोसेस की जा सकती है जहां आप रहते हैं. अलग-अलग देशों में डेटा की सुरक्षा से जुड़े कानून अलग-अलग होते हैं. कुछ देशों के कानून दूसरे देशों के मुकाबले डेटा को ज़्यादा सुरक्षित रखते हैं. आपकी जानकारी भले ही कहीं भी प्रोसेस की जा रही हो, इस नीति के तहत हम उसे एक जैसी सुरक्षा मुहैया कराते हैं. हम डेटा के ट्रांसफ़र से जुड़े कुछ कानूनी फ़्रेमवर्क का भी पालन करते हैं.

जब हम औपचारिक तौर से लिखी हुई शिकायतें प्राप्त करते हैं, तो हम उस व्यक्ति से संपर्क करते हैं जिसने शिकायत की है. हम उचित नियामक अथॉरिटी के साथ काम करते हैं, जिसमें स्थानीय डेटा सुरक्षा अधिकारियों के साथ आपके ऐसे किसी डेटा के ट्रांसफ़र के संबंध में किसी भी शिकायत का समाधान करना शामिल है, जिसे हम सीधे आपके साथ सुलझा नहीं सकते.

# यूरोपीय ज़रूरतें

## अपने अधिकारों का इस्तेमाल और Google से संपर्क करने का तरीका

अगर यूरोपियन यूनियन (EU) या यूनाइटेड किंगडम (UK) का, डेटा की सुरक्षा से जुड़ा कानून आपकी जानकारी को प्रोसेस करने पर लागू होता है, तो हम आपको इस नीति में बताए गए कंट्रोल देते हैं. इससे, आपको अपनी जानकारी को ऐक्सेस करने, उसे अपडेट करने, हटाने, और उसके प्रोसेस होने पर पाबंदी लगाने का अनुरोध करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने में मदद मिलती है. साथ ही, आपके पास अपनी जानकारी को प्रोसेस किए जाने या उसे दूसरी सेवा के पास भेजने से मना करने का अधिकार भी है.

अगर आपको अपने अधिकारों के बारे में कुछ और पूछना या अनुरोध करना है, तो Google और हमारे डेटा सुरक्षा कार्यालय से संपर्क करें. इसके अलावा, अगर आपको स्थानीय कानून के तहत मिलने वाले अपने अधिकारों के बारे में कुछ पूछना है, तो स्थानीय डेटा प्रोटेक्शन अथॉरिटी से संपर्क करें.

## डेटा कंट्रोलर

अगर किसी खास सेवा के लिए निजता नोटिस में अलग से निर्देश नहीं दिया गया है, तो आपकी जगह की जानकारी के आधार पर यह तय होता है कि आपकी जानकारी को प्रोसेस करने वाला डेटा कंट्रोलर कौन होगा:

- यूरोपियन इकनॉमिक एरिया या स्विट्ज़रलैंड में रहने वाले, Google की सेवाओं के उपयोगकर्ताओं की जानकारी, Google Ireland Limited में प्रोसेस की जाती है. इसके ऑफ़िस का पता है - Gordon House, Barrow Street, Dublin 4, Ireland.

- यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले, Google की सेवाओं के उपयोगकर्ताओं की जानकारी, Google LLC में प्रोसेस की जाती है. इसके ऑफ़िस का पता है - 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, California 94043, USA.

Google LLC एक डेटा कंट्रोलर है, जो कि Google Search और Google Maps जैसी सेवाओं में इंडेक्स की गई और दिखाई गई जानकारी को प्रोसेस करता है. यह सभी जगहों के उपयोगकर्ताओं की जानकारी को प्रोसेस करता है.

## जानकारी प्रोसेस करने के कानूनी आधार

हम आपकी जानकारी को प्रोसेस करते समय, इस नीति में बताए गए मकसद और यहां दिए गए कानूनी आधार का ध्यान रखते हैं:

### आपकी सहमति से

हम खास मकसद से, आपकी जानकारी को प्रोसेस करने के लिए, आपकी सहमति मांगते हैं. आपके पास कभी भी अपनी सहमति वापस लेने का विकल्प है. उदाहरण के लिए, हम आपको मनमुताबिक सेवाएं देने के लिए, आपकी सहमति मांगते हैं. इनमें आपकी दिलचस्पी के हिसाब से, विज्ञापन दिखाने की सेवाएं शामिल हैं. हम बोली पहचानने के लिए, आपकी आवाज़ और ऑडियो गतिविधि की जानकारी इकट्ठा करते हैं. इसके लिए भी हम आपकी सहमति मांगते हैं. इन सेटिंग को अपने Google खाते से मैनेज किया जा सकता है. आपकी जानकारी शेयर करना सेक्शन में जैसा बताया गया है, हम आपकी सहमति मिलने पर ही, Google के बाहर आपकी निजी जानकारी शेयर करते हैं. साथ ही, हम आपको तीसरे पक्ष के उन ऐप्लिकेशन और साइटों की समीक्षा करने और उन्हें मैनेज करने के लिए कंट्रोल भी देते हैं जिन्हें आपने अपने Google खाते में मौजूद डेटा का ऐक्सेस दिया है.

### जब हम वैध हितों को पाने की कोशिश करते हैं

हम आपकी निजता की सुरक्षा करने वाले उचित सुरक्षा उपाय लागू करते समय हमारे और तीसरे पक्ष के वैध हितों के लिए आपकी जानकारी प्रोसेस करते हैं. इसका मतलब है कि हम आपकी जानकारी ऐसी चीज़ों के लिए प्रोसेस करते हैं:

- हमारे उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी सेवाएं उपलब्ध करवाना, उनका रखरखाव करना और उनमें सुधार करना
- नए उत्पादों और सुविधाओं का विकास करना जो हमारे उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोगी हैं
- हमारी सेवाओं के परफ़ॉर्मेंस को सुनिश्चित करने और उसमें सुधार के लिए यह समझना कि लोग हमारी सेवाओं का किस प्रकार उपयोग करते हैं
- आपको बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव देने के लिए, हमारी सेवाओं को आपकी पसंद के मुताबिक बनाना. साथ ही, अगर ज़रूरत हो, तो आपके अनुभव को आपकी उम्र के हिसाब से सही बनाना
- हमारी सेवाओं के बारे में उपयोगकर्ताओं को सूचना देने के लिए मार्केटिंग
- विज्ञापन दिखाने की वजह से, हम अपनी कई सुविधाएं उपयोगकर्ताओं को बिना शुल्क लिए दे पाते हैं. इसके अलावा, आपकी पसंद के हिसाब से विज्ञापन दिखाने के लिए हम आपकी सहमति लेते हैं

